दिन–रविवार दिनांक– 14 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण की उपस्थिति में यह संकल्प पत्र जारी किया गया। संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले पाँच वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने पर बल दिया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। भाजपा ने देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ–साथ वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का वादा किया है। घोषणापत्र में भाजपा ने कहा कि भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान लॉन्च किया जाएगा। पार्टी ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन– बी. ए. एस. स्थापित करने और देश के लिए दूसरा प्रक्षेपण परिसर बनवाने का भी वादा किया है। घोणापत्र में मौसम नाम से राष्ट्रीय वायुमंडलीय मिशन लॉन्च करने का भी वायदा किया गया है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को सशक्त बनाता है जो विकसित राष्ट्र के चार मजबूत स्तंभ हैं। श्री मोदी ने कहा कि संकल्प पत्र जीवन की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता पर केंद्रित है।

———————————————————

भाजपा के घोषणा पत्र को चुनावी जुमला करार देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि घोषणा पत्र में महंगाई और बेरोजगारी जैसे शब्द गायब हैं। पार्टी नेता राहुल गाँधी ने ट्वीट करते हुए कहा कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा

करना नहीं चाहती। इधर, राजद ने कहा है कि भाजपा के घोषणा पत्र में किसी के लिए कुछ नहीं है। पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि घोषणा पत्र में युवाओं और किसानों के बारे में कोई जिक्र नहीं किया गया है।

———————————————————

भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद परिसर में डॉ. अम्बेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में देशवासियों से डॉक्टर अम्बेडकर के आदर्शों और उनके कार्यों को समेकित रूप से अपनाने की अपील की ताकि देश का समावेशी विकास हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ. आम्बेडकर के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के कारण आज के भारत की छवि बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर की दृष्टि देश के विकास के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इधर, डॉक्टर अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पटना में आयोजित राज्यकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

———————————————————

चक्रवातीय संचरण के प्रभाव से राज्य के उत्तर, दक्षिण और दक्षिण–मध्य भागों के कुछ स्थानों पर अगले चौबीस घंटों के दौरान हल्की बारिश की सम्भावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान भभुआ, औरंगाबाद, रोहतास, गया और नवादा जिले के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात का अलर्ट भी जारी किया है। विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि का पूर्वानुमान है।

———————————————————

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन हो जायेगा। छठ को लेकर पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय हो गया है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि जगह–जगह मठ और मंदिरों की सजावट की गयी है। इधर, पटना जिले में दानापुर से पटना सिटी तक कई

गंगा घाटों को अर्घ्य अर्पित करने के लिए तैयार किया गया है। महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। आज दिन के दो बजे से शाम सात बजे तक अशोक राजपथ पर व्यावसायिक वाहनों का परिचालन बंद रखा गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि छठ घाटों पर भीड़ समाप्त होने तक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।

——————————————————————

चैत्र नवरात्र के छठे दिन आज देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माता के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है। इस अवसर पर राजधानी पटना सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

——————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।